भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4391
जिसका उत्तर गुरुवार, 20 फरवरी 2014 को दिया जाना है

इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की इकाइयों की स्थिति

4391. श्री एम. बी. राजेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड का पालक्कड इकाई को स्वतंत्र दर्जा प्रदान करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है और इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ग) क्या सरकार का इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड में संशोधित वेतन लागू करने का प्रस्ताव है और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) और (ख): जी, नहीं। तथापि, इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड के पुनर्गठन हेतु विभिन्न उपायों पर विचार किया गया है। इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड, कोटा से पलक्कड़ यूनिट को अलग करना भी एक विकल्प है जिस पर विचार किया गया है। कंपनी ने एक स्वतंत्र इकाई के रूप में पलक्कड़ यूनिट का सृजन करने के संबंध में व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करते हुए एक टेंडर दिनांक 15.01.2014 को प्रकाशित किया।

(ग) और (घ): वेतन संशोधन, लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों में निर्धारित मानकों पर आधारित है और इसे सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम की इकाइयों से अलग करने अथवा अन्यथा से संबद्ध नहीं किया जाता है।

*****